तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 26 नवंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

8 ट्रेनें रद्द होने से भीड़ बढ़ी तो जगह के लिए रोजाना विवाद, थोक में ...



10 कस्तूरबा विद्यालय की बालिकाओं ने सांस्कृतिक ...



## मिलर्स के आंदोलन के कारण नहीं मिल रहे पुराने बारदाने, हो रही परेशानी

# संकट से निपटने की कवायद, अब किसानों को लाना होगा बारदाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राईस मिलर्स के असहयोग आंदोलन के कारण जहां परिवहन व्यवस्था प्रभावित है, वहीं बारदाने का संकट भी अब दिखने लगा है। हालत यह है कि अधिकांश खरीदी केंद्रों में पर्याप्त बारदाना नहीं होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ऐसे में अब सरकार ने इस संकट से निपटने के लिए किसानों को ही बारदाना लाने की सुविधा दे दी है। किसानों द्वारा लाए जाने वाले बारदाने के लिए प्रति नग 25 रुपए का भुगतान भी किया जाएगा। इधर जिले में दो दर्जन से अधिक उपार्जन केंद्र ऐसे हैं, जहां बफर लिमिट के करीब खरीदी हो जाने के कारण अब जाम के हालत निर्मित होने लगे हैं। यदि इस सप्ताह परिवहन शुरू नहीं हुआ, तो खरीदी अटक सकती है। हालांकि प्रशासनिक अफसर दावा कर रहे हैं कि अभी स्थिति सामान्य है और बारदाने से लेकर खरीदी प्रक्रिया में कोई प्रभाव नहीं दिखेगा।

### खास बातें

- किसानों को प्रत्येक बारदाने का 25 रूपए की दर से किया जाएगा भुगतान
- इस वर्ष 50 प्रतिशत नए व 50 प्रतिशत पुराने बारदाने में धान खरीदी का है नियम
- पीडीएस से भी हो रही बारदाने की व्यवस्था



**31 जनवरी तक की जाएगी खरीदी:** जिले सहित प्रदेशभर में सरकारी धान खरीदी 31 जनवरी तक की जाएगी। ऐसे में आने वाले दिनों में बारदाने की और ज्यादा आवश्यकता होगी। इसे देखते हुए प्रशासन तैयारियों में जुट गया है।

### 19605 किसानों ने बेचा 238.62 करोड़ का धान

**बेमेतरा।** पूरे छत्तीसगढ़ सहित बेमेतरा जिले में पिछले 14 नवंबर से खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की की जा रही है। जिले में वर्तमान में 129 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से सोमवार 24 नवंबर तक 19605 किसानों से 103646.24 मीट्रिक टन धान की ख़रीदी की जा चुकी है । यानि की 238.62 करोड़ रुपये की धान खरीदी हो चुकी है। वहीं, 10956 कृषकों को 130.88 करोड़ आनलाईन भुगतान किया गया है।



शनिवार व रविवार को छोड़ कर किसानों से धान की खरीदी की जा रही है । किसानों को धान खरीदी के 72 घंटे के भीतर भुगतान भी हो रहा है । मिली जानकारी अनुसार अब तक जिले के 10956 कृषकों को 130.88 करोड़ आनलाईन भुगतान किया गया है। धान खरीदी पूरी पारदर्शिता के साथ सभी धान उपार्जन केंद्रों में की जा रही है । नोडल अधिकारी भी सतत निरीक्षण और निगरानी कर रहे हैं। धान ख़रीदी केंद्रों में किसानों का धान बेचने का सिलसिला बढ़ रहा है । केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए छाया,पानी इत्यादि की व्यवस्था की गई है। वहीं, माइक्रो एटीएम से 2000 से 10000 रुपये निकल निकालने की सुविधा भी उपलब्ध है ।

### परिवहन शुरू नहीं होने से खरीदी पर हो सकता है असर

उधर, राइस मिलर्स भी अपनी मांग पूरी नहीं होने तक परिवहन में सहयोग करने के मूड में नहीं दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि धान खरीदी की प्रक्रिया को शुरू हुए लगभग दो सप्ताह पूरा होने के बाद भी अब तक धान उठाव शुरू नहीं हो पाया है। समिति प्रबंधकों से मिली जानकारी के अनुसार इस सप्ताह खरीदी में अधिक दिक्कतें नहीं आएंगी, लेकिन यदि अगले 3 से 4 दिन में उठाव शुरू नहीं हुआ, तो खरीदी प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।

### ये हैं मिलर्स की नाराजगी का कारण

मिली जानकारी के अनुसार राईस मिलर्स इस साल कस्टम मिलिम की राशि को घटाकर 120 से 60 रुपए किए जाने से नाराज हैं। इसके साथ ही पूर्व की बकाया राशि का भी भुगतान करने की मांग रखी गई है। इसके अलावा नई पॉलिसी में समय पर चावल जमा नहीं करने पर भी पेनाल्टी का प्रावधान है। जबकि मिलर्स का कहना है कि शासन के पास चावल जमा करने का स्पेस एकदम न्यूनतम रहता है। धान व चावल परिवहन की राशि को भी एसएलसी दर पर नहीं दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### खैरझिटी कला स्कूल में हुआ दूसरा मॉक टेस्ट

**बेमेतरा।** स्कूलों में 25 नवंबर को दूसरा मॉक टेस्ट सीरीज का आयोजन किया गया। इसके तहत शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला खैरझिटी कला के तीसरी एवं छठवीं के बच्चों ने परख मॉक टेस्ट परीक्षा में भाग लिया। इस दौरान कक्षा तीसरी एवं छठवीं के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस मौके पर शासकीय प्राथमिक शाला खैरझिटी कला के प्रधान पाठक रामकुमार वैष्णव, सहायक शिक्षक देवचरण साहू, अगमदास मार्कण्डे कुलेश्वर पटेल, दुर्गेश कुमार श्रीवास, डाकवर पटेल, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खैरझिटीकला के संकुल समन्वयक आनंद ताम्रकार, मनहरण नेताम, शिवबगत साहू, भूषण साहू समेत अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### प्राथमिक शाला अमचो में कराया गया नेवता भोज



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला अमचो में भगेला चंद्राकर एवं उनके परिवार ने अपने छोटे भाई दौवा चंद्राकर की स्मृति में उनके वार्षिक श्राध्द पर स्कूल में नेवता भोज कराया। नेवता भोज के दौरान शाला में संस्था प्रमुख प्रेमलाल ध्रुवे संकुल प्राचार्य खेमसिंह नेताम, समन्वय सुखचंद चंद्राकर, तुलसी, कुमारी बाई, बहत्तर सिंह सहित स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। नेवता भोजन में खीर, पूड़ी, पापड़, अचार दिया गया।

### संविधान दिवस आज होंगे विविध कार्यक्रम

**बेमेतरा।** जिले में निर्मित अमृत सरोवर स्थल पर 26 नवंबर को संविधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विविध कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन भी होगा। इस सबंध में जनपद पंचायत सीईओ एवं मनरेगा कार्यक्रम अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये हैं। कार्यक्रम की शुरूआत भारतीय संविधान की उद्देशिका के सामूहिक पाठ से होगी। जल संरक्षण, जल का महत्व एवं स्वच्छता इत्यादि के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी। बता दें 26 नवंबर को पूरे भारत में संविधान दिवस मनाया जाता है, और इस अवसर पर कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

# करपा व खरही में लगी आग तहसीलदार ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

तहसील क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम उमराव नगर में सोमवार दोपहर करीब 3 बजे अचानक खेत में इकट्ठा कर रखे धान खरही व करपा में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विभिन्न खेतों में रखे पैरा को भी चपेट में ले लिया। इससे लगभग 8 एकड़े के खेत में रखे 4 खरही व करपा फसल जलकर राख हो गई। आशंका जताई जा रही है कि पराली में लगाई गई आग फैलते हुए खरही तक पहुंच गई होगी। सूचना मिलने पर तहसीलदार प्रकाश यादव व मोरध्वज साहू घटना स्थल पहुंचे। उन्होंने आग लगने के कारणों को जानने की कोशिश की तथा नगर पंचायत के फायरब्रिगेड वाहन के लिए संपर्क किया, परंतु वाहन में खराबी के कारण व्यवस्था नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने निजी संसाधन से आग पर काबू पाने का असफल प्रयास किया, लेकिन हवा चलने के कारण आग और भी फैल गया।

### फायरब्रिगेड का नहीं मिल रहा लाभ

तहसील क्षेत्र की एकमात्र नगर पंचायत में फायरब्रिगेड की व्यवस्था है, लेकिन, उसमें भी हमेशा खराबी व पानी भरने का उचित साधन नहीं होने का रोना रोया जाता है। इससे क्षेत्रवासियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान में धान कटाई व मिसाई कार्य छोरों पर पर ऐसे समय में धान खरही, करपा तथा खड़ी फसल ▶▶| शेष पेज 11 पर

FARMTRAC TRACTORS EUROPE
आवश्यकता है
Kubota Escorts Kubota Limited
फार्मट्रैक ट्रैक्टर्स में फिल्ड कार्य हेतु अनभवी व फ्रेश उम्मीदवार की आवश्यकता है।
बेमेतरा - 02, साजा - 02, थानखम्हरिया - 02, बेरला - 02, नवागढ़ - 02
आकर्षक वेतनमान, इन्सेन्टीव, कंपनी बोनस
Interview Date - 04/12/2024
नोट : उम्मीदवार के पास स्वयं का मोटर साइकिल होना अनिवार्य है, शिक्षा व उम्र का कोई बंधन नहीं है।
श्री सांई एग्रो रायपुर रोड, कोबिया, पीजी कॉलेज के सामने बेमेतरा 9406215019, 8435549470

# जिले में बढ़ने लगी ठंड, जलने लगे अलाव, गर्म कपड़ों की बढ़ी मांग

## मौसम विभाग ने बताया उत्तर की ओर से आ रही ठंडी हवाओं का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



ठंड ने जिले में अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। कड़ाके की ठंड शुरू हो चुकी है। उत्तर की ओर से ठंडी हवाओं का प्रवेश होने लगा है, ऐसे में मार्निंग वाक के लिए पहुंचने वाले लोगों में भी कमी आ चुकी है। ज्यादातर गार्डन और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सुबह 7 बजे के बाद ही चहल-पहल शुरू हो रही है। दिन में भी तापमान औसत से 1.7 डिग्री सेल्सियस नीचे कम है, जिसके कारण शाम को भी लोग गर्म कपड़ों में नजर आने लगे हैं।


प्रदेश सहित जिले में तापमान गिराना शुरू हो चुका है। नमी बढ़ने से हल्की राहत मिली है, लेकिन कोहरा दिखने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में उत्तर से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है, साथ ही वातावरण के मध्य स्तर में नमी का आगमन शुरू हो गया है। ठंडी हवाओं के कारण मौसम में बदलाव महसूस हो रहा है। जल्द ही जिले में भी तेजी से पारा गिरने की संभावना है।

### सेहत का रखें विशेष ध्यान

ठंड बढ़ने के साथ अस्पताल के ओपीडी में इन दिनों मरीजों की भीड़ बढ़ने लगी है। खासकर छोटे बच्चों और बुजुर्गों की सेहत का खास ख्याल रखना होगा। चिकित्सकों का कहना है कि डाइट में ताजे फल और सब्जियां शामिल करें। इनसे इम्यूनिटी मजबूत होती है। नाश्ते में ताजे फल और सब्जियों का रस पिएं। गर्म भोजन करें। गर्म सूप, दूध, और गर्म तासीर वाले भोजन करें। दिन में 7 से 8 गिलास पानी पिएं। हल्के गर्म कपड़े पहनें।

# नेशनल लोक अदालत 14 को, तैयारियों को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



आगामी 14 दिसम्बर में होने वाले नेशनल लोक अदालत के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष बृजेन्द्र कुमार शास्त्री की अध्यक्षता व निधि शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उपस्थिति में न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष ने उपस्थित अधिकारियों को नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हांकित कर पूर्ण प्रयास कर अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किये जाने के निर्देश दिए।

नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकरण के लिए राजीनामा योग्य दाण्डिक प्रकरण, चेक बाउन्स के मामले, मोटरयान अधिनियम से संबंधित प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, निष्पादन, बीमा, भरण पोषण के प्रकरण, परिवार न्यायालय से संबंधित प्रकरण, सिविल विवाद, विद्युत, जलकर व सम्पत्ति कर, टेलीफोन, बैंक रिकवरी प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को नियत किया गया है। बैठक पक्षकारों के मध्य विवाद को वैकल्पिक समाधान के तहत सम्भावनाओं को तलाश करते हुए न्यायाधीशों द्वारा प्रकरणों में पक्षकारों की दिन-प्रतिदिन प्री-सिटिंग कर लोक अदालत में उनके मध्य राजीनामा किये जाने का यथा संभव प्रयास किये जाने के निर्देश दिए गए।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411



# दक्षिण के उपचुनाव में निर्दलियों पर भारी पड़ा नोटा, 17 प्रत्याशियों को 100 से कम वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में 17 प्रत्याशियों को 100 से भी कम वोट मिले। कुल 30 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। इनमें कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशी के बीच प्रमुख मुकाबला रहा। शेष प्रत्याशियों में अधिकांश निर्दलीय थे, जिन्हें एक-एक वोट के लिए मशक्कत करनी पड़ी। निर्दलियों में सबसे अधिक 881 वोट अंकुश बेरिएकर को मिले। वहीं नोटा को इन सबसे ज्यादा 1147 वोट मिले। चुनाव में सभी निर्दलियों को मिलाकर कुल 2.36 प्रतिशत मत मिले। वहीं अकेले नोटा को 0.81 प्रतिशत मत मिले।

दक्षिण के उपचुनाव में अधिकांश मुस्लिम प्रत्याशी खड़े हुए थे, इनमें से सभी को 200 से कम वोट मिले। चुनाव के दौरान अधिकांश प्रत्याशियों का प्रचार पूरे शहर में कहीं नहीं दिखा। आपसी संबंधों के आधार पर उन्होंने वोट बटोरे। एक प्रत्याशी को छोड़कर किसी को 500 से अधिक मत नहीं मिले। चार सौ से कम मत पाने वाले प्रत्याशियों के केवल दो हैं, इनमें जीतेंद्र शर्मा और चंद्रप्रकाश कुर्रे शामिल हैं। दो सौ से अधिक मत पाने वालों में अखिलेश ब्रम्हदेव शामिल हैं, उनहें 229 वोट मिले। 200 से कम और 100 तक वोट पाने वाले पांच प्रत्याशी हैं। उसके बाद कोई भी प्रत्याशी 100 का आंकड़ा नहीं छू पाया। सबसे कम 25 वोट रिजवान को मिले। इनमें से अधिकांश प्रत्याशी वोट काटने के लिए खड़े थे। आम लोगों के बीच उनके नाम का प्रचार न होने से जान-पहचान वालों के वोट उनके खाते में आए। दक्षिण के उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशियों ने कुल 3528 वोट बटोरे।


हरिभूमि फॉलोअप

## 28 की जमानत जब्त, निर्दलीय प्रत्याशियों से अधिक नोटा को मिले 1147 वोट

### भाजपा-कांग्रेस को छोड़ शेष जमानत नहीं बचा पाए

उपचुनाव में 30 प्रत्याशियों ने किस्मत आजमाई। इनमें से दो को छोड़कर शेष प्रत्याशी जमानत के लिए आवश्यक 10 प्रतिशत वोट भी नहीं पा सके। उनकी जमानत जब्त हो गई। अब उन्हें जमानत राशि वापस नहीं मिलेगी। चुनाव के दौरान खर्च का ब्योरा उन्हें देना होगा। चुनाव परिणाम आने के एक माह के अंदर सभी को अपने चुनाव व्यय की पूरी जानकारी निर्वाचन आयोग को देनी होगी। खर्च का ब्योरा न देने पर उन्हें आगे चुनाव के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है।


भाजपा-कांग्रेस चुस्त,वोटर सुस्त, कम वोटिंग ने बढ़ाई उम्मीदवारों की टेंशन
विधानसभा चुनाव के मुकाबले उपचुनाव में वोटर उदासीन, अब तक का सबसे कम वोटिंग प्रतिशत
जीत-हार का अंतर रहेगा कम
शाम तक केवल 50 फीसदी मतदान




## खबर संक्षेप



### मंत्री नेताम से मिलने अस्पताल पहुंचे भूपेश

**रायपुर।** सड़क हादसे में जख्मी हुए कृषि मंत्री रामविचार नेताम का इलाज रामकृष्ण अस्पताल में चल रहा है। रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उनका कुशलक्षेम पूछने अस्पताल पहुंचे। उनके अलावा नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक भैयालाल राजवाड़े, पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप सहित अनेक नेताओं ने उनसे मुलाकात की। श्री नेताम की कार को शुक्रवार रात बेमेतरा इलाके में पिकअप ने ठोकर मार दी थी। हादसे में उनके अलावा पीएसओ, ड्राइवर तथा एक अन्य को चोटें आई थीं।

### निजात अभियान में शामिल हुए कॉलोनीवासी



**रायपुर।** 75वीं संविधान दिवस के पूर्व संविधान द्वारा प्रदत्त नागरिकों के मौलिक अधिकारों को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी लभांडी में जनजागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही कॉलोनीवासी पुलिस के निजात अभियान में शामिल हुए। इस दौरान विधि विशेषज्ञ, पुलिसकर्मी, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी और समाजसेवियों ने उपास्थित होकर सामाजिक संदेश देकर कॉलोनीवासियों को जागरूक किया। इस मौके पर नशामुक्ति महाभियान के संयोजक, अधिवक्ता भगवानू नायक, नगर निगम अधिकारी अमित बोस ने कॉलोनीवासियों को जानकारी दी।

### मारवाड़ी समाज के परिचय सम्मेलन के लिए बैठक

**रायपुर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा मारवाड़ी समाज का सामूहिक परिचय सम्मेलन राजधानी रायपुर में आयोजित करने एक बैठक होटल में रखी गई। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी ने बताया कि सभी समाज के युवक-युवती के विवाह में आ रही दिक्कत को देखते हुए जैन, अग्रवाल, माहेश्वरी, गुप्ता, खंडेलवाल समाज का एक प्रदेश स्तरीय सामूहिक परिचय सम्मेलन शीघ्र आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि परिचय सम्मेलन में अविवाहित युवक-युवती के अलावा विधवा, विधुर, तलाकशुदा प्रतिभागी भी शामिल हो सकते हैं। अनिता खंडेलवाल ने बताया कि कुंडली मिलन के लिए लैपटॉप एवं पंडितों की व्यवस्था भी की जाएगी।

### खुशबू को पीएचडी

**रायपुर।** मैट्स यूनिवर्सिटी ने खुशबू अग्रवाल को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय इन्हांसमेंट ऑफ कन्वेंशनल डाटा माईनिंग अल्गोरिदम फॉर क्लासिफिकेशन एंड प्रिडक्शन ऑफ लार्ज स्केल एकाडेमिक डाटा इन कंटेक्स्ट ऑफ यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन था। उन्होंने अपना शोधकार्य डॉ. भावना नराइन की मार्गदर्शन में पूरा किया। वे यूनियन बैंक के पूर्व अधिकारी धर्मेंद्र अग्रवाल, डॉ. सुलेखा अग्रवाल की बहू तथा बिलासपुर निवासी सरला, स्व. बालमुकुंद की पुत्री हैं।

## दूसरी ट्रेनों पर बढ़ा दबाव, इसलिए हर दिन विवाद की स्थिति

# ट्रेनें रद्द होने से भीड़ बढ़ी तो जगह के लिए रोजाना विवाद, थोक में शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ट्रेनों के लगातार रद्द होने की वजह से समान रूट पर चलने वाली दूसरी ट्रेनों पर दबाव बढ़ रहा है। इस वजह से यात्री दूसरी ट्रेनों में रिजर्व सीटों पर भी कब्जा जमाने से नहीं हिचक रहे हैं। इस वजह से हर दिन ट्रेनों में विवाद की स्थिति बन रही है। जनरल से लेकर स्लीपर कोच तक लगातार सीटों को लेकर झगड़े हो रहे हैं। ऐसे में सीटों का विवाद सुलझाने टीटीई और आरपीएफ जवानों को सामने आना पड़ रहा है। आरपीएफ और टीटीई को हर दिन 20 से अधिक शिकायतें मिल रही हैं, जिसे सुलझाने वे यात्रियों को उनकी सीटें दिला रहे हैं। साथ ही बगैर टिकट ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों पर कार्रवाई भी कर रहे हैं।


हरिभूमि सरोकार

दरअसल पटरियों के काम के चलते 30 ट्रेनों के प्रभावित होने के बाद रविवार को गोंदिया, नांदेड़, विशाखापट्टनम सहित नागपुर रूट की ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। अचानक ट्रेनों के रद्द होने की वजह से यात्रियों को तत्काल में भी टिकट नहीं मिल रहा। इस वजह से ज्यादातर यात्री एक्सप्रेस का टिकट लेकर ट्रेनों में सफर कर रहे और रिजर्व सीटों पर कब्जा जमा रहे हैं। यह एक दिन की स्थिति नहीं, बल्कि हर बार ट्रेनों के रद्द होने से इसी तरह के विवाद सामने आते हैं। ट्रेनों के रद्द होने से लगातार आरपीएफ को यात्रियों से सीट कब्जाने की शिकायतें मिल रही हैं। वेटिंग टिकट के यात्री दिन में खड़े होने या फिर दूसरे यात्री की सीट शेयरिंग से समय गुजार लेते हैं, लेकिन रात में यात्रियों को सीट के नीचे बैठने तक की जगह नहीं मिल पा रही है। रात के वक्त अपनी जगह से बाथरूम जाने या ट्रेन से नीचे उतरने में भी यात्रियों को बड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।



### स्लीपर में भी रात का सफर मुश्किल

रात के वक्त स्लीपर कोच की दशा भी जनरल कोच जैसी होने लगी है। वेटिंग यात्री सीट के नीचे बैठकर सफर करने को मजबूर हैं। वहीं जनरल कोच में आरक्षण की बंदिशें हटने के बाद रात के वक्त कोच के भीतर प्रवेश करना तक मुश्किल हो गया है। भारी भीड़ देख यात्री भी स्लीपर में चढ़ने लगे हैं। कोच में अन्य यात्री न आएं, इस वजह से जनरल कोच का दरवाजा यात्री रात में बंद कर देते हैं। इस वजह से मजबूरी में यात्रियों को स्लीपर कोच में चढ़ना पड़ता है। कई यात्रियों ने ट्रेनों में भारी भीड़ की तस्वीर ट्विटर पर अपलोड कर मदद की गुहार लगाई है।



### हर दिन 20 से अधिक शिकायतें

ट्रेनों के रद्द होने के बाद दूसरी ट्रेनों पर दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। ट्रेनों में तैनात आरपीएफ जवानों को हर दिन यात्रियों के ओर से सीट पर कब्जे की शिकायतें मिल रही हैं। आरपीएफ जवान ट्रेनों में यात्रियों को उनकी सीट दिलाने में मदद कर रहे हैं। वहीं बिना टिकट यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई भी जा रही है। एमपी, विशाखापट्टनम समेत दिल्ली रूट की ट्रेनों में आरपीएफ और टीटीई को दिन में अधिक शिकायतें मिली हैं। वहीं दिन की तुलना रात में अधिक समस्या होती हैं। कई यात्री पहले से दूसरे यात्री की सीट पर कब्जा कर लिए होते हैं। आरक्षित यात्री के पहुंचने पर उन्हें पूरी सीट नहीं मिल पाती, इस वजह से कंफर्म टिकट के यात्रियों को सोने में दिक्कत होती है। शिकायत पर तत्काल टिकट जांच कर मदद की जाती है।

# बढ़ते अपराध पर नकेल कसने से चाकूबाजी में 40 प्रतिशत की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




- पिछले वर्ष की तुलना में 171 के बजाय 102 चाकूबाजी की घटनाएं
- छेड़छाड़, रेप की घटनाओं में कमी के साथ हत्या की वारदातें बढ़ीं

पुलिस ने पिछले वर्ष फरवरी से अक्टूबर के बीच घटित आपराधिक घटनाओं की तुलनात्मक रिपोर्ट तैयार की है। पुलिस द्वारा तैयार रिपोर्ट के मुताबिक, इस वर्ष फरवरी से अक्टूबर के बीच घटित आपराधिक घटनाओं में तीन प्रतिशत की आंशिक कमी आई है। चाकूबाजी की घटनाओं में 40 प्रतिशत कमी हुई है। हत्या की वारदातों में इस वर्ष वृद्धि दर्ज की गई है। पुलिस द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023 में फरवरी से अक्टूबर के बीच 8224 अपराध दर्ज किए गए थे। इस वर्ष इसी अवधि में 7970 अपराध दर्ज किए गए हैं। पिछले वर्ष जहां अलग-अलग थानों में 171 चाकूबाजी की घटनाएं हुई थीं। इस बार 102 चाकूबाजी की घटनाएं हुई हैं।

*ये है स्थिति : रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष फरवरी से अक्टूबर के बीच 58 हत्या की वारदातें हुई हैं। पिछले वर्ष 54 हत्याएं दर्ज की गई थीं। इसी तरह से छेड़छाड़, यौन हिंसा के मामले में चाकूबाजी के बाद सबसे ज्यादा कमी आई है। पिछले वर्ष 164 छेड़छाड़ तथा यौन हिंसा के मामले दर्ज किए गए थे। इस वर्ष 118 मामले दर्ज किए गए हैं। इस तरह से यौन हिंसा से जुड़े मामले में 28 प्रतिशत की कमी आई है। पुलिस के अनुसार मारपीट, चोरी के मामले में 9 तथा 3 प्रतिशत की कमी आई है। निजात अभियान के तहत मादक पदार्थों की अवैध खरीदी-बिक्री रोकने चलाई जा रही मुहिम के चलते अपराधों में कमी आई है।*

### किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार से की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य आंदोलनकारी छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल दुबे सहित पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर विष्णुदेव सरकार को प्रस्ताव दिया है। प्रस्ताव में बताया कि प्रदेश में धान खरीदी पर संकट के बादल गहराने लगे हैं, जिसके कारण प्रदेश की सभी राइस मिल किसान मोर्चा को दी जाएं, वे लीज पर 66 रुपए में मिलिंग करेंगे। राइस मिलरों द्वारा धान नहीं उठाया जा रहा है, जिससे किसानों को भारी दिक्कत हो रही है। साथ ही राइस मिलरों पर एस्पा कानून लागू किया जाना चाहिए। धान खरीदी की तौल में कमी आ रही है और नापतौल विभाग द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मशीनों में सील नहीं लगाई गई है, जिससे किसानों को धान बेचने में नुकसान हो रहा है। सरकार सारी व्यवस्था जल्द से जल्द करे। इसके अलावा किसानों की कई समस्याएं हैं।


# रायपुर स्मार्ट सिटी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक जल्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- फुंडहर और लभांडी पानी टंकी के इंटर कनेक्शन के लिए फंड संबंधी प्रस्ताव
- आईटीएमएस के मेंटेनेंस को लेकर हो सकती है चर्चा

रायपुर स्मार्ट सिटी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक स्मार्ट सिटी के सभाकक्ष में जल्द आयोजित होगी। इस बैठक में मुख्य रूप से राजधानी के आउटर वार्ड में अमृत मिशन के तहत बनाए गए गांव फुंडहर और लभांडी की नई पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने के लिए नगर निगम को फंड उपलब्ध कराने क प्रस्ताव पर निर्णय लिया जाएगा। इसी तरह जयस्तंभ चौक स्थित नगर निगम के मल्टीलेवल पार्किंग परिसर के टॉप फ्लोर में संचालित आईटीएमएस के हैंडओवर और मेंटेनेंस संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा हो सकती है।

दरअसल नगर निगम द्वारा रायपुर स्मार्ट सिटी को पत्र लिखकर अमृत मिशन के तहत लभांडी और फुंडहर में बनाई गई नई पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने फंड मांगा गया है।




जोन 9 क्षेत्र स्थित शहीद विद्याचरण शुक्ल वार्ड में 2 नई पानी टंकी बनकर तैयार हैं, पर टंकियों को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने के लिए निगम के पास फंड नहीं है। डेढ़ साल से यह काम अटका हुआ है। ऐसे में प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने पहले पंद्रहवें वित्त आयोग मद से 48 करोड़ का प्रस्ताव शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा, पर डेढ़ साल बीतने के बाद भी इसकी मंजूरी नहीं मिली।

### बोरवेल्स और कुंए के भरोसे ग्रामवासी

दोनों गांवों के रहवासी अब भी बोरवेल और कुंए के भरोसे अपनी प्यास बुझा रहे हैं। जबकि अमृत मिशन के तहत करोड़ों खर्च कर बनाई गई नई पानी टंकी मात्र शोपीस बनकर रह गई है। डेढ़ साल से अटके काम को पूरा कराने नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी को पत्र भेजा गया। इसे संज्ञान में लेते हुए अब इस प्रस्ताव को रायपुर स्मार्ट सिटी के संचालक मंडल की बैठक में रखे जाने की तैयारी है।

# 21 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए भूमिपूजन



**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक बोरियाखुर्द के खेल मैदान में 21 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं निशुल्क संस्कार महोत्सव आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लिए भूमिपूजन व ध्वजपूजन रविवार को रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू द्वारा गायत्री परिवार के वरिष्ठ प्रतिनिधि दिलीप पाणिग्रही, श्याम बैस, सदाशिव हथमल, लच्छूराम निषाद, कार्यक्रम संयोजक मोहनलाल साहू, आयोजक ऋषि साहू के साथ विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस मौके पर यज्ञाचार्य ने बताया कि भूमि का अच्छे-बुरे संस्कार मनुष्य के जीवन को प्रभावित करते हैं। यज्ञ में पुंसवन, नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन, कर्णछेदन, विद्यारंभ, दीक्षा, यज्ञोपवीत, विवाह, जन्मदिवस, विवाह दिवस इत्यादि विविध संस्कार निशुल्क संपन्न होंगे। इसी दौरान रायपुर ग्रामीण के विधायक श्री साहू ने कहा कि गायत्री मंत्र से मनुष्य में सद्बुद्धि का विकास और यज्ञ से वातावरण का परिशोधन व मानव मात्र का कल्याण होता है।

# ई-चालान से बचने नंबर प्लेट में टेंपरिंग, दो दबोचे गए, गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ट्रैफिक उल्लंघन करने पर ई-चालान से बचने शरारती वाहन चालकों द्वारा नंबर प्लेट में टेंपरिंग कर, गलत नंबर प्लेट लगाकर वाहन चलाने का मामला सामने आया है। सिविल लाइंस पुलिस ने नंबर प्लेट में टेंपरिंग कर वाहन चलाने के आरोप में दो दोपहिया वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ पुलिस ने बीएनएस 318(4), 319(2), 338, 336 (3), 340(2) 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

पुलिस के मुताबिक, अरुण अवस्थी, दीपक देवांगन की शिकायत पर ताजनगर निवासी मोहम्मद अहमद तथा राजा तालाब निवासी भावेश सावरकर को गिरफ्तार किया गया है। अरुण तथा दीपक ने पुलिस और ट्रैफिक थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके वाहन का पिछले कई महीनों से लगातार ई-चालान आ रहा है। ई-चालान उन जगहों से है, जहां उनकी दोपहिया संबंधित तारीख को उस क्षेत्र से गुजरी ही नहीं है।

### आईटीएमएस के माध्यम से हुआ खुलासा

पुलिस के मुताबिक, शिकायत के आधार पर आईटीएमएस के माध्यम से वाहन मॉडल तथा वाहन नंबर की तसदीक की गई। नंबर तसदीक करने पर संबंधित वाहन अरुण तथा दीपक का नहीं होना पाया गया। इसके बाद पुलिस ने दोनों वाहनों के बारे में जानकारी जुटाकर नंबर टेंपरिंग कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को गिरफ्तार किया।




- शरारती वाहन चालकों ने निकाला बचने का रास्ता
- ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने के लगातार आ रहे थे ई-चालान
- असल वाहन नंबर के मालिक की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई

*10 साल से ज्यादा सजा का प्रावधान*
*नंबर प्लेट टेंपरिंग कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने गैर जमानती धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। दर्ज धाराओं में आरोप सिद्ध होने पर 10 साल से ज्यादा की सजा का प्रावधान है। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से ई-चालान से बचने नंबर प्लेट में टेंपरिंग करने से बचने की सलाह दी है।*

### 53 हजार का चालान आने पर की शिकायत

पुलिस के अनुसार मोहम्मद ताज नंबर टेंपरिंग कर वाहन नंबर सीजी 04 पीसी 3569 चला रहा था। उस नंबर के कुल नौ ई-चालान जनरेट हुए थे। नौ ई-चालान में 39 हजार रुपए जुर्माना किया गया था। इसी तरह से भावेश टेंपरिंग कर सीजी 04 पीटी 5289 नंबर से वाहन चला रहा था, उस नंबर से कुल चार ई-चालान जनरेट हुए और 14 हजार रुपए चालान कटा है।

# कोचवाही व पोंड़ से डोकला पहुंच मार्ग पर पुल क्षतिग्रस्त, आवागमन में हो रही समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

- ग्रामीणों ने की पुल निर्माण की मांग

विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोचवाही एवं ग्राम पंचायत पोंड़ से डोकला पहुंच मार्ग पर बनाया गया पुल क्षतिग्रस्त हो चुका है। ग्राम पंचायत पोंड़ एवं कोचवाही के सरपंच लगातार क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत की की मांग कर रहे हैं, लेकिन जनप्रतिनिधि एवं नेताओं द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है। इसके कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि यह सड़क मार्ग का एक मात्र पुल है, बारिश के दिनों में पानी के तेज बहाव के कारण पुल टूटकर बह गया है। यही कोचवाही, मुजालगोदी, डोकला के ग्रामीणों का मुख्य रास्ता है।मुजालगोदी के ग्रामीण सोमप्रकाश साहू, जवाहर मंडावी, युवराज मंडावी, रेवा रमन खुराना, पूरन देहारी, सांवत राम बर्मन, दयाराम मंडावी, नारद मंडावी, रविन्द्र कुलदीप ने बताया कि इस सड़क मार्ग पर जो पुल बना था, वह किसानों के लिए महत्वपूर्ण था। पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने से आने-जाने में परेशानी हो रही है। किसानी कार्य में भी दिक्कत आ रही है। इस मार्ग के अतिरिक्त कोई रास्ता नहीं है, जिसके कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### कलेक्टर व सांसद-विधायक को दिया आवेदन, किसी ने नहीं दिया ध्यान

कोचवाही के किसान भुनेश्वर ओटी, महेश भुआर्य, ग्राम पटेल विष्णु ठाकुर, रोहित यादव, रुपराय महला, राकेश राणा ने बताया कि कोचवाही से डोकला जाने के लिए यह सुगम रास्ता है। लेकिन, पुल क्षतिग्रस्त हो जाने से परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को आने-जाने के लिए इस मार्ग पर पुल बनाने की जरुरत है। इस मामले में पोंड़ के सरपंच नरसिंह चोरमार ने बताया कि मुजालगोदी से डोकला पहुंच मार्ग पर पुल क्षतिग्रस्त हो जाने की जानकारी कलेक्टर, सांसद तथा विधायक को कई बार आवेदन देकर बता चुके हैं। लेकिन, इसकी मरम्मत के लिए कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इसी तरह कोचवाही की सरपंच भुनेश्वरी यादव ने बताया कि किसानों की मांग को लगातार शासन तक पहुंचा रहे हैं, लेकिन आज तक किसी ने इस ओर पहल नहीं की है।

# पार्किंग ठेका की कमाई से ट्रांसपोर्ट नगर में बिजली सफाई की सुविधा देने प्लानिंग के बाद फाइल बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रावांभाठा में बसाए गए ट्रांसपोर्ट नगर की व्यवस्था बहाली के लिए जुलाई 2023 में की गई प्लानिंग की अधिकारी बदलते ही हवा निकल गई। यहां स्ट्रीट लाइट, पानी के साथ ही सफाई की बेहतरी के लिए निगम के पास कर्मचारी भी नहीं हैं। इसे देखते हुए बिरगांव निगम के पूर्व आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने ट्रांसपोर्ट नगर के 6 बड़े और दो छोटे पार्किंग में वाहनों की पार्किंग से होने वाली कमाई से वहां सुविधा बढ़ाने के लिए तैयारी की थी। उनका ट्रांसफर होते ही मसौदे की फाइल ही बंद कर दी गई है। रायपुर निगम ने जिस तरह से बस स्टैंड में पार्किंग के लिए शुल्क तय किया है। उसी तर्ज पर बिरगांव की सामान्य सभा में भी वार्ड 13 में स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में वाहनों की पार्किंग के लिए दरें तय की गई। इस संबंध में पक्ष- विपक्ष की सर्व सहमति से 30 जुलाई 2023 को निगम की सामान्य सभा में सहमति भी मिली। इसके बाद ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों की आपत्ति और विरोध को देखते हुए इस मामले में दोबारा विचार करने के लिए संयुक्त रूप से मीटिंग का दावा किया गया। इसके बाद चुनावी तैयारी के चलते मामले की फाइल दब गई।अब आयुक्त बदलने के बाद निगम के प्रतिनिधियों ने खुद आगे आने और मामले में निर्णय लेने की बजाय इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया।

हरिभूमि सरोकार

## बिरगांव निगम आयुक्त बदलते ही तालमेल बनाने मीटिंग भी नहीं हुई इसलिए..

### तीन महीने निगम चलाता पार्किंग

निगम की सीमित आय और ट्रांसपोर्ट नगर में स्ट्रीट लाइट, सफाई के साथ ही मूलभूत सुविधा को मेंटेन करने के लिए वाहनों की पार्किंग दर निर्धारित की गई। इसमें प्रावधान किया गया कि निगम द्वारा तीन माह तक स्वयं वाहनों से पार्किंग शुल्क वसूल की जाएगी। इसके बाद ही निगम प्रशासन द्वारा टेंडर के तहत ठेका दिया जाएगा। यह प्रक्रिया आगे बढ़ने से पहले ही विरोध और आपत्ति के चलते ठंडे बस्ते में है। इससे ट्रांसपोर्ट नगर में स्ट्रीट लाइट, सफाई और सुरक्षा का बुराहाल है। इसके लिए प्रयास करने की बजाय जिम्मेदार प्लानिंग को ही भूल गए हैं।

### 24 घंटे के लिए तय पार्किंग दरें

01. टेक्टर, मेटाडोर रू. 150
02. बैकहोलोडर, पैलोडर- रू. 200
03. ट्रक (06 चक्का) रू. 200
04. ट्रक (10 से 12 चक्का) रू. 250
05. ट्रक- 12 से 20 चक्का ट्राला, रू. 300

### मामले जल्द चर्चा की जाएगी

पूर्व आयुक्त की मंशा के तहत ही ट्रांसपोर्ट नगर में पार्किंग को लेकर प्लानिंग की गई थी। उसे सामान्य सभा में मंजूरी मिली, लेकिन विरोध की वजह से निर्णय नहीं ले पाए हैं। जल्द ही इस मामले में चर्चा की जाएगी।

**-नंदलाल देवांगन,** महापौर, नगर निगम, बिरगांव

# प्राथमिकता से किया जाएगा कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

## जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिया आश्वासन

कलेक्टर रणबीर शर्मा की उपस्थिति में कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विभिन्न मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि एवं अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

कर्मचारी संघ ने अपनी समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया। बैठक में प्रमुख रूप से कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के कार्यालय के लिए भवन अथवा भूमि आवंटन, शिक्षकों को गैर विभागीय कार्यों से मुक्ति, विभिन्न विभागों में समयबद्ध क्रमोन्नति, समयमान एवं पदोन्नति, अनुकम्पा नियुक्ति, विभागीय जांच समय पर पूर्ण करने, पेंशन एवं अन्य स्वत्वों का समय पर भुगतान, सेवा पुस्तिका का संधारण एवं नियमित जांच, सीआर का समय-सीमा में भरकर भेजने, कलेक्ट्रेट परिसर में मीठे पानी की व्यवस्था, पेंशन संबंधी समस्या और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलने जैसी समस्याएं प्रमुख थीं। संघ ने मांग की कि इन मुद्दों पर जल्द से जल्द उचित कार्रवाई की जाए ताकि कर्मचारियों को सुविधाएं और अधिकार सुनिश्चित हो सकें। कलेक्टर ने सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और जल्द से जल्द समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश देने का आश्वासन दिया।



### समिति के सदस्यों ने दिए सुझाव

बैठक में जिले के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और आवश्यक योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सुझाव प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी सदस्यों से उनके सुझाव और विचार साझा करने का आह्वान किया और विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा करते हुए उनकी प्रगति का आकलन किया। समिति के सदस्यों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, और आधारभूत संरचनाओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। बैठक में विभिन्न जिला, ब्लॉक एवं प्रांतीय स्तर के कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, एडीएम प्रकाश भारद्वाज, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, संयुक्त कलेक्टर डीआर रात्रे सहित जिला स्तरीय विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### दिवंगत गोपाल वोरा की स्मृति में हुई श्रद्धांजलि सभा

**रायपुर।** प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार गोपाल वोरा का निधन विगत दिनों हो गया, जिनकी श्रद्धांजलि सभा सप्रे साला स्थित सभागृह में रविवार को हुई। इस अवसर पर प्रदेश के नेताओं, पत्रकारों एवं नागरिकों ने स्व. वोरा के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उनके पत्रकारीय योगदान को सराहा। रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि स्व. वोराजी से हमारे पारिवारिक रिश्ता था। वे हमेशा मेरा मार्गदर्शन करते रहे, जब भी मैं चुनाव मैदान में होता तो वे मेरा हौसला अफजाई करते थे। उन्होंने गोपाल वोरा को आदर्श पत्रकार बताया और उन पर पुस्तक प्रकाशित करने का सुझाव दिया ताकि पत्रकारिता की नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक हो। विधायक सुनील सोनी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार गिरीश पंकज, प्रमोद दुबे, पूर्व विधायक अरुण वोरा, वरिष्ठ पत्रकार कौशल किशोर मिश्र, डॉ. अनिल द्विवेदी सहित अनेक नागरिकों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश शाह ने किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रेस क्लब, भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ तथा रायपुर पुष्टिकर ब्राह्मण समाज ने मिलकर किया था।

### सुनील की जीत से पिछड़ा वर्ग में उत्साह अभिनंदन की तैयारी

**रायपुर।** भाजपा नेता सुनील सोनी की रायपुर दक्षिण से ऐतिहासिक जीत ने पिछड़ा वर्ग में उत्साह भर दिया है। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन के नेतृत्व में चलाए गए पिछड़ा जगाओ अभियान को उनकी जीत का प्रमुख कारण माना जा रहा है। अब संगठन ने नवनिर्वाचित विधायक सुनील सोनी का सामाजिक अभिनंदन करने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के नेतृत्व में विभिन्न समाजों के प्रमुखों के साथ अभियान चलाया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देशन में इस अभियान के जरिए पिछड़े वर्ग में एकजुटता लाई गई। संगठन ने कम मतदान के बावजूद सुनील सोनी की बड़ी जीत को पिछड़ा वर्ग की ताकत में इजाफा बताया। इनमें संगठन प्रमुख शारदा प्रसाद सोनकर, दयालुराम देवांगन, सोमनाथ साहू, गिरीश यदु और अन्य शामिल रहे। श्री निर्मलकर ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर योजनाओं के सरलीकरण पर चर्चा की जाएगी।

### सीएम साय ने सुनी पीएम मोदी के 'मन की बात'

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की 116वीं कड़ी छत्तीसगढ़ में सभी जगह बूथ केंद्रों पर सुनी गई। विभिन्न स्थानों पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद-विधायक और पार्टी पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर यह प्रसारण सुना। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री साय ने पुलिस परेड ग्राउंड रायपुर में यह कार्यक्रम सुना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने अपने देवेंद्र नगर स्थित निवास में मन की बात कार्यक्रम को सुना।

## बढ़ सकती है सांस, लंग्स, अस्थमा के मरीजों की समस्या

# धूल-धुंध और बदली से बिगड़ी हवा की सेहत, दो दिनों में हालात और बिगड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

पूर्व की नमीयुक्त हवा के चलते बदली के साथ धुंध छाई हुई है। इसके चलते हवा की गुणवत्ता बुरी तरह से प्रभावित हुई है। दीपावली के बाद एक्यूआई का स्तर सवा सौ के पार पहुंच गया है। इस बार सबसे ज्यादा बुरी स्थिति सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र की रही है। सिलतरा में पीएम 2.5 के स्तर के साथ एक्यूआई का स्तर 180 पर पहुंच गया है। पीएम 2.5 का स्तर 300 के पार पहुंच गया। रविवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स 170 पर पहुंच गया। एक्यूआई का स्तर 170 पर पहुंचना तय मानक से बहुत ज्यादा है।

गौरतलब है कि ठंड के दिनों में एक्यूआई का स्तर गर्मी के दिनों की अपेक्षा बहुत ही ज्यादा खराब हो जाता है। एक्यूआई का स्तर बिगड़ने की वजह से लोगों को सांस लेने की तकलीफ, सर्दी, जुकाम के साथ कफ की समस्या हो रही है। अन्य वर्षों की अपेक्षा इस साल एक्यू का स्तर ज्यादा खराब है। इसके चलते लोगों को वायरल के साथ सर्दी, जुकाम की समस्या ज्यादा आ रही है। हवा का स्तर खराब होने की वजह से सर्दी, जुकाम जैसी सामान्य बीमारी लंबे समय बाद भी ठीक नहीं हो रहा है।





### सिलतरा की स्थिति ज्यादा खराब

ठंड के दिनों में औद्योगिक क्षेत्र से ज्यादा शहरी क्षेत्र की हवा प्रदूषित रहती है। इस वर्ष शहरी क्षेत्र से ज्यादा औद्योगिक क्षेत्र की हवा प्रदूषित रही है। सिलतरा में एक्यूआई का स्तर शुक्रवार को अधिकतम 181 पर पहुंच गया, रविवार को एक्यूआई का स्तर 166 रहा है।

### शहरी क्षेत्र में थोड़ी राहत

शहरी क्षेत्र में कृषि विश्वविद्यालय, वीआईपी रोड जैसे क्षेत्र में हवा की गुणवत्ता अन्य क्षेत्रों की अपेक्षाकृत संतोषजनक रही है। कृषक नगर में एक्यूआई का स्तर 106 से 115 के बीच रहा। भाठागांव, एम्स में एक्यूआई का स्तर पिछले तीन दिनों में 125 से 131 के बीच रहा है।

### मौसम में सुधार नहीं होने पर बढ़ेगी समस्या

जानकारों के मुताबिक, आने वाले दिनों में और नमीयुक्त हवा चलेगी। इस कारण बदली छाई रहेगी। बदली तथा नमीयुक्त हवा के चलते एक्यूआई का स्तर तथा पीएम 2.5 तथा पीएम-10 का स्तर और खराब हो सकता है। इसके चलते पर्यावरण प्रदूषण का खतरा और बढ़ने की आशंका है। इससे बड़ों के साथ बच्चों की सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।

# कुम्हार पारा में हुआ मानस गान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति के तत्वावधान में हर माह होने वाले मानस गान का कार्यक्रम वार्ड क्रमांक 8 कुम्हार पारा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के संयोजक अनिल सिंघानिया , दऊवा कुंभकार ने दीप प्रचलित पूजा, अर्चना कर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनिल सिंघानिया ने बताया कि 20 सालों से समिति द्वारा ग्रामीण अंचलों में मानस मंडली के माध्यम से हिंदू धर्म सनातन धर्म व गो रक्षा संवर्धन के विषय में लोगों को जागृत करने का काम कर रहे हैं। आगे आपने हिंदू समाज को संगठित होने की बात कही। हम सब का जाति में बंट जाने के कारण विधर्मी लोग इसका फायदा उठाते हैं। आगे आपने बताया कि आदिकाल से ही गाय के महत्व को स्वीकार किया गया है। इसलिए जीवन और जीविका के लिए गाय के संरक्षण संवर्धन करना प्रत्येक व्यक्ति का धर्म है। गौ रक्षा से संकट दूर होते हैं गौ माता हमारी संस्कृति का मूल आधार है। आए दिन कत्लखाना की संख्या बढ़ती जा रही है। गाय कटती जा रही है। शासन को गौ की रक्षा की नीतियों को निश्चित रूप से बदलना होगा। कार्यक्रम में 10 मंडली ने अपनी सेवा दी श्रद्धालुओं ने एकाग्रता होकर कार्यक्रम का आनंद लिया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दीनदयाल साहू, काशीराम अग्रवाल, भावेश कुंभकार, दउवा कुंभकार, कुशल कुमार, मनीराम, मोती रामधनु संतोष नामदेव, बुधारू, राजू, विनोद शेखर सेन सहित सैकड़ों श्रोता उपस्थित थे।

# रबी फसलों की बुवाई पिछड़ी, अब तक एक चौथाई भी नहीं, रिपोर्ट में रकबा शून्य बताया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस साल रबी फसलों की बुवाई की रफ्तार अब तक धीमी लग रही है। जानकारों के मुताबिक, इसके पीछे वजह ये हो सकती है कि इस साल खरीफ सीजन के धान की कटाई से लेकर बिक्री के काम में होने वाली देरी के कारण ऐसा हुआ है। इधर राज्य में गर्मी के धान को लेकर सियासत गरमा रही है। हालांकि राज्य सरकार ने गर्मी की बुवाई का लक्ष्य पिछले साल के मुकाबले कम कर दिया है। कृषि विभाग की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में धान बुवाई का रकबा शून्य है। संचालनालय कृषि विभाग की पिछली साप्ताहिक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदेश में रबी वर्ष 2023-24 में प्रदेशभर में कुल 19.19 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी की गई थी, लेकिन इस साल रबी 2024-25 के लिए 19.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बुवाई का लक्ष्य रखा गया है, यानी रबी का लक्ष्य आंशिक रूप से बढ़ा है, पर इस साल अब तक कुल मिलाकर 4 लाख 45 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में रबी फसलों की बुवाई हो पाई है। यह लक्ष्य के मुकाबले 23 प्रतिशत है, यानी प्रदेश में अब तक रबी फसलों की बुवाई एक चौथाई भी पूरी नहीं हो पाई है।

### *गेंहू की बुवाई भी अब तक केवल 10 प्रतिशत*

*राज्य में हालांकि गेंहू की बुवाई को लेकर किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है। सरकार ने इस साल 283 हेक्टेयर क्षेत्र में गेंहू की बुवाई का लक्ष्य रखा है। पिछले साल 267 हेक्टेयर में गेंहू बोया गया था। इसका मतलब इस बार लक्ष्य बढ़ाया गया है। खास बात ये है कि पिछले साल इसी समय तक गेंहू की बुवाई 28 प्रतिशत हो गई थी, लेकिन इस समय केवल 10 प्रतिशत की बुवाई हो पाई है, यानी गेंहू की बुवाई में भी 18 प्रतिशत की कमी आई है।*

# अनूपपुर-कटनी तक तीसरी रेललाइन पर मॉडिफिकेशन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ नौरोजाबाद रेलवे स्टेशन पर तीसरी लाइन शुरू होने से बढ़ेगी कनेक्टिविटी

अनूपपुर-कटनी तीसरी लाइन परियोजना के अंतर्गत अनूपपुर से कटनी के मध्य 165.52 किमी तीसरी लाइन का निर्माण 1680 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत अब तक 101 किमी तीसरी रेल लाइन का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है।

बिलासपुर-कटनी रेलमार्ग भारतीय रेलवे के महत्वपूर्ण मार्गों में से एक है, जो छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से मध्यप्रदेश के कटनी तक फैला हुआ है। यह रेलमार्ग दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आता है और विभिन्न महत्वपूर्ण शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों को जोड़ता है।

अनूपपुर-कटनी रेलखंड छत्तीसगढ़ राज्य के प्रमुख शहरों बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, रायगढ़ से होकर कटनी के रास्ते उत्तर भारत तक जाने वाले महत्वपूर्ण मार्ग का भी हिस्सा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में मुख्य रूप से क्षमता वृद्धि का कार्य बिलासपुर-झारसुगुड़ा 206 किलोमीटर चौथी लाइन, राजनांदगांव-कलमना, नागपुर 228 किलोमीटर तीसरी रेललाइन तथा अनूपपुर-कटनी 165 किलोमीटर तीसरी लाइन का कार्य किया जा रहा है।



### इस वजह से रद्द करनी पड़ती हैं ट्रेनें

नौरोजाबाद स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने के लिए 24 से 30 नवंबर तक यार्ड मॉडिफिकेशन का कार्य किया जा रहा है। मौजूदा स्टेशन में एक लाइन जोड़ने में स्टेशन के लेआउट में बदलाव शामिल होता है। यह बदलाव एक विशेष संरक्षा स्थिति के तहत किया जाता है, जिसे नॉन-इंटरलॉकिंग कहा जाता है। उदाहरण के लिए सामान्य परिस्थितियों में एक ट्रेन को स्टेशन पार करने में 3-4 मिनट लगते हैं, लेकिन ऐसे यार्ड में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के दौरान इसमें 20-25 मिनट समय की आवश्यकता पड़ती है। इस स्थिति में बहुत कम संख्या में सीमित ट्रेनों का परिचालन संरक्षा के मापदंडों को पूरा कराते हुए किया जा सकता है। नौरोजाबाद स्टेशन पर यार्ड मॉडिफिकेशन कार्य के दौरान लगभग 600 से अधिक मजदूरों सहित रेलवे के विभिन्न विभागों के लगभग 50 इंजीनियर/रेलकर्मी व 8 अधिकारी दिन-रात कार्य को संपादित करेंगे। इन कर्मचारियों के साथ-साथ विभिन्न मशीनरी जैसे टी-28, बीसीएम, सीएसएम, यूनिमैट मशीन, पोकलेन, क्रेन, टॉवर वैन आदि भी उपलब्ध कराई गई हैं।

# मंडल अध्यक्ष के साथ एक प्रतिनिधि का भी होगा चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ 1 से 15 दिसंबर मंडल और 15 से 30 तक जिलाध्यक्ष पद के लिए होगा चुनाव

प्रदेश भाजपा का संगठन चुनाव प्रभार हो गया है। पहले चरण में बूथ कमेटियों का गठन किया जा रहा है। इसके बाद 1 से 15 दिसंबर तक 405 मंडलों में मंडल अध्यक्ष का चुनाव होगा। इसी के साथ एक मंडल प्रतिनिधि का भी चुनाव होगा। ये दोनों ही जिला अध्यक्ष के चुनाव में मतदान की स्थिति आने पर मतदान के पात्र होंगे। 15 से 30 दिसंबर तक जिलाध्यक्षों का चुनाव होगा। मंडल और जिला अध्यक्षों के चुनाव में जातीय समीकरण पर भी फोकस रहेगा। भाजपा का एक तरफ अब भी सदस्यता अभियान चल रहा है। वैसे सदस्यता अभियान का समापन 15 नवंबर को हो जाना था, लेकिन अभी राष्ट्रीय संगठन ने इसे 30 नवंबर तक चलाने का फैसला किया है। प्रदेश भाजपा संगठन को 60 लाख प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला है, अभी यह लक्ष्य सात लाख दूर है। अब तक 53 लाख सदस्य बने हैं। सदस्यता अभियान के साथ ही बूथ कमेटियों का चुनाव प्रारंभ हो गया है। 30 नवंबर तक सभी बूथों में कमेटियां बनाने का लक्ष्य है।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### विश्वविद्यालय की हॉकी पुरुष टीम की दूसरी जीत

**दुर्ग।** पूर्वी क्षेत्र अंतर विवि हॉकी पुरूष प्रतियोगिता सम्बलपुर विश्वविद्यालय ओडिसा में आयोजित हो रहा हैं जिसमें हेमचंद यादव दुर्ग की हॉकी पुरूष टीम ने लगातार दूसरे मैच में गुरू घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ को 05-02 से पराजित कर जीत हासिल की। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गणेश यादव, अरबाज, सारिक, शादाब और कृष्णा ने 01-01 गोल कर टीम के जीत में योगदान दिया। टीम के इस जीत पर विश्वविद्यालय के कुलपति व आयुक्त दुर्ग संभाग सत्य नारायण राठौर, कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप एवं खेल संचालक डॉ दिनेश नामदेव ने बधाई दी। टीम के मैनेजर डॉ अजय लांजेवार सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय दुर्ग व कोच दुर्गेश कन्नौजे शासकीय नवीन महाविद्यालय नवाघाट बेमेतरा है जिनके मार्गदर्शन में टीम अच्छे प्रदर्शन कर रहे है। टीम के मैनेजर द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि टीम का अगला मैच ब्रम्हपुर विश्वविद्यालय ओडिसा से होगा।

### नगर कबड्डी संघ की बालक बालिका चैंपियनशिप में लिया हिस्सा




**दुर्ग।** राज्य की 24 वीं जूनियर कबड्डी बालक, बालिका चैम्पियनशिप का आयोजन छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ कवर्धा कबीरधाम के सहयोग से पीजी महाविद्यालय कवर्धा में हुई। जिसमें दुर्ग नगर कबड्डी संघ की इकाई से बालक, बालिका की टीम इस चैंपियनशिप में भाग लिया।

### भगवान खट्टे-मीठे भोग के नहीं, वे तो प्रेम के भूखे हैं : राजीव नयन

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम भाठागांव(बी) में भागवत पुराण में कथा वाचक राजीव नयन महाराज ने कहा कि भगवान खट्टे-मीठे भोग के भूखे नहीं है, वे तो प्रेम के भूखे हैं। लेकिन लोग उन्हें भाव से पाना नहीं चाहते। जो सारे विश्व को खिलाता है, वे स्वयं जगन्नाथ हैं, वे हमसे-तुमसे क्या खाएंगे। कथावाचक ने पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण पर कहा कि आज पाश्चात्य देशों में रहने वाले लोग भारतीय संस्कृति को अपना रहे हैं और यहां लोग क्षणिक सुख की अभिलाषा से पाश्चात्य संस्कृति को स्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर युग में, हर जन्म में पुत्र को श्री कृष्ण और श्री राम की तरह आज्ञाकारी होना चाहिए। आज के दौर में माता-पिता मिलकर पांच बच्चों को पालते हैं। लेकिन बड़े होने के बाद पांच–पांच बेटे बहुएं मिलकर भी दो मां–बाप को पालने से कतराते हैं। ऐसे लोग भयंकर पाप के भागी होते हैं। ऐसे लोगों को स्वयं गिरधर भी नहीं तार सकते।

## पेज 7 का शेष

### करपा व खरही में ....

में आग लगने की संभावना प्रबल होती है, जिसके लिए प्रशासनिक व्यवस्था नहीं दिखती है।

आग लगते ही ग्रामीणों ने की मुनादीः गौरतलब है कि अचानक समीपस्थ ग्राम उमरावनगर खार में आग की लपटें देखी गईं। ग्रामीणों ने अनहोनी को भांपकर तथा गांव में तुरंत मुनादी कर सूचना दी। इससे ग्रामीण एकत्रित होकर धान करपा व खरही में लगी आग को बुझाने में मदद की। धान उमरावनगर निवासी तरूण साहू, मेहतरू ध्रुव, शकुन तथा मनराखन का बताया जा रहा है। आग को बुझाने और फैलने से रोकने के लिए किसान व प्रशासन देर शाम तक मशक्कत करते रहे। सरपंच ज्वाला राजेश साहू, लीलाधर चंद्राकर, पीलू साहू, डोमन ध्रुव, अशोक साहू, संपत यादव, पुखराज वर्मा, श्रीथाम वर्मा, नूतन साहू, अंगद, भगवानी साहू सहित सभी ग्रामीणों ने पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

### सदस्यता और सक्रिय सदस्यता अभियान के बाद अब संगठन चुनाव की तैयारी

# संगठन में 60 पार होंगे दरकिनार, जिला व मंडल अध्यक्ष के लिए आयु सीमा निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

सदस्यता अभियान के बाद भाजपा अब अपना संगठन चुनाव कराने जा रही है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने नवंबर में बूथ के चुनाव के समाप्त होने के बाद 1 से 15 दिसंबर तक मंडल और 15 से 30 दिसंबर तक जिला संगठनों का चुनाव कराने का फैसला किया है। बूथों का चुनाव 30 नवंबर को समाप्त हो जाएगा। खास बात यह है कि इस बार उम्र की सीमा भी पदों को लेकर तय कर दी गई है।

मंडल अध्यक्ष के लिए 45 साल एवं जिला अध्यक्षों के लिए अधिकतम 60 साल उम्र तय की गई है। इस दायरे में आने वाले नेताओं को ही अब जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने छत्तीसगढ़ संगठन व वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक लिया। इस बैठक में कई निर्णय लिए गए, उसी के तहत उम्र वाला निर्णय लिया गया।

- भाजपा ने संगठन चुनाव के लिए तय की पात्रता का फंडा तय
- मंडल अध्यक्ष के लिए 45 और जिलाध्यक्ष के लिए 60 साल निर्धारित
- 1 से 15 दिसंबर तक होंगे मंडल चुनाव
- 15 से 30 दिसंबर तक जिला

#### बूथ में चुने जा रहे अध्यक्ष

अगले महीने से शुरू होने वाली मंडल एवं जिला अध्यक्ष चयन की प्रकिया से पहले जिले में सभी बूथ पर चुनाव अंतिम पायदान पर है। बूथ के लिए पदाधिकारियों का चयन किया जा रहा है। लगभग अधिकांश जगह पर बूथ टीम गठित कर ली गई है। खास बात यह है कि सभी पदों पर उन्ही नेताओं का चयन होगा, जिसने सदस्यता अभियन के तहत कम से कम 50 सदस्यों को जोड़ा हो।

#### एक लाख सदस्य अभी तक बन चुके

जिले में भाजपा ने अभी तक एक लाख नए सदस्य बना लिए है और 30 नवंबर तक प्रकिया जारी है, इसके कारण आंकड़े में वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा 50 या इससे अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने वाले नेताओं को सक्रिय सदस्यता का तमगा दिया जा रहा है। जनप्रतिधियों, विधायक व संसद को सदस्य बनाने का लक्ष्य भी दिया गया था। जिले में भाजपा के विधायक दीपेश साहू व मंत्री दयालदास बघेल लक्ष्य को पूरा करते हुए 10 हजार से ज्यादा सदस्य बना लिए हैं, वहीं इस लक्ष्य को विद्यायक ईश्वर साहू पूरा नहीं कर पाए हैं।

भाजयुमो अध्यक्ष के लिए जिस तरह से उम्र की सीमा को विगत चुनाव में बांध दिया गया था, उसी तरह से अब मंडल और जिलाध्यक्ष के लिए भी उम्र की सीमा को तय किया गया है। बूथ की टीम लगभग तय हो चुकी है और इसे अंतिम रूप देने के लिए अब केवल 5 दिन बचे हुए है। बूथ की पूरी टीम 30 नवंबर तक बनाने के लिए फरमान जारी हुआ था, यह अंतिम डेट लाईन है। बूथ की टीम पूरी तैयार हो जाने के उपरांत 1 से 15 नवंबर तक मंडल की टीम के गठन की शुरूआत हो जाएगी और 15 नवंबर तक जिले को नए मंडल अध्यक्ष मिल जाएंगे। वहीं कई भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि वास्तव में यह चुनाव करवाकर चुने जाएंगे या पिछले समय की तरह ऊपर से थोप दिए जाएंगे। संगठन में जब भी मंडल अध्यक्ष थोपे गए, तब तक संगठन कमजोर हुआ है। इस बार भी जिले के नेताओं के ईशारे पर मंडल अध्यक्ष बनाए गए, तो यह तय है कि संगठन विगत समय से भी ज्यादा कमजोर साबित हो सकता है।

# रेवे में श्रद्धा व उल्लास से मनाई गई भगवान सहस्त्रबाहू जयंती



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

विधायक दीपेश साहू ग्राम रेवे में कलार (सिन्हा) समाज द्वारा आयोजित भगवान सहस्त्रबाहू जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक साहू ने कहा कि भगवान सहस्त्रबाहू ने धर्मपरायण राज्य की स्थापना कर लोककल्याणकारी कार्यों का रास्ता दिखाया।

हमारी सरकार भी इन्हीं कल्याणकारी रास्तों पर आगे बढ़ रही है और छत्तीसगढ़ के लोगों के भलाई, सुख समृद्धि के लिए काम कर रही है। श्री साहू ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। श्री साहू ने कार्यक्रम स्थल पर युवक-युवती परिचय सम्मेलन के आयोजन के लिए भी समाज प्रमुखों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इससे आज अनेक परिवार आपस में मिलेंगे एवं नए सम्बंध की शुरुआत करेंगे। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। विधायक श्री साहू ने बच्चों को नकद राशि भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, होरी लाल सिन्हा, विकास तम्बोली, गौरव साहू, नरेश साहू, परमेश्वर साहू सहित समाज के पदाधिकारी एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

- बेमेतरा विधायक दीपेश हुए शामिल

# बावा मोहतरा स्कूल की छात्राओं ने अटल बिहारी बाजपेयी क्विज में दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 24 वीं वर्षगांठ पर राज्य निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने और आने वाली नई पीढ़ी को उनके राष्ट्र के प्रति योगदान से भिज्ञ कराने के लिए जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी द्वारा अटल प्रश्नमाला पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। बावा मोहतरा के छात्राओं ने अटल प्रश्नमाला के आयोजन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। उपस्थित प्रधानाचार्य रामकृष्ण साहू, राम अवतार वर्मा हंसवती गायकवाड़, सरिता भारती, राम कुमार पात्रे, दिनेश सोनी, टीएस वर्मा, आरएस पांडेय, केबी एस ठाकुर, राम कुमार देवांगन और शिक्षकों ने भी छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। प्रश्न की शुरुआत करते हुए छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने पूछा कि बेमेतरा के वर्तमान निर्वाचित विधायक दीपेश साहू किस राष्ट्रीय राजनीतिक दल के सदस्य हैं। सुरभि प्रमोद ने सही जवाब देकर पुरस्कार प्राप्त किया। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी सहित बैठे अध्यापकों ने भी सहज सरल प्रश्न पूछकर अधिक से अधिक पुरस्कार जीतने का मौका छात्राओं को दिया। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि प्रतिभाओं को अवसर दे उनमें मंच पर आकर बोलने की घबराहट से छुटकारा दिलाना भी इसका एक उद्देश्य है। वर्तमान में भारत के राष्ट्रपति, मोहतरा तालाब में रहे मगर के नाम से लेकर छत्तीसगढ़ की न्यायधानी, संस्कारधानी, राज्य स्थापना वर्ष जैसे सवालों के जवाब छात्राओं ने बखूबी दिए। कुमारी रेणुका, देवन्ती, तनिष्का, भूमिका रात्रे, लीला साहू, तमेश्वरी वर्मा, सेवती सिन्हा, ऋतु साहू, मोनिका सिन्हा, ज्योति सिन्हा, खुशबू सिन्हा, डिकेश्वरी वर्मा, पुष्पा निषाद, हिमानी साहू, दुर्गा निषाद, माधुरी ओमप्रकाश सहित उपस्थित छात्राओं ने क्विज कंपीटिशन में हिस्सा लिया।

# कस्तूरबा विद्यालय की बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में मचाई धूम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम कंतेली के विवेकानंद स्टेडियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल थे। अतिविशिष्ट अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू तथा साजा विधायक ईश्वर साहू रहे।

कार्यकम की शुरुआत लंबी कूद से की गई। विभिन्न खेलों के समापन के बाद संध्या काल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गई। इसमें कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा की बच्चियों ने चक दे इंडिया गीत पर अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों एवं मुख्य अतिथियों सभी का दिल




जीता। मंत्री दयाल दास बघेल ने मंच पर ही बच्चियों को 25 हजार की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। अधीक्षिका भारती धृतलहरे तथा सांस्कृतिक प्रभारी ममता गुरुपंच का विशेष सहयोग रहा। बच्चों की सफलता पर शिक्षिका राजकिरण मिश्रा, गायत्री साहू, विजयलक्ष्मी परगनिया, ज्योति चंद्राकार, शिखा चौबे, दीप्ति, सावित्री ने बच्चियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ शुभकामनाएं दीं।

# संकुल केंद्र बीजा के स्कूलों में परखी गई शैक्षणिक गुणवत्ता



हरिभूमि न्यूज. कोदवा/देवरबीजा

संकुल केंद्र बीजा के अंतर्गत आने वाले सभी प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला और हाई स्कूल में सोमवार द्वितीय चरण की परख मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया।

इसमें कक्षा तीसरी, छठवीं और नवमी के बच्चों ने भाग लिया। संकुल प्राचार्य मुरारी सिंह भुवाल ने प्राथमिक शाला भैसामुड़ा और शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बीजा का औचक निरीक्षण किया। वहीं, संकुल समन्यवक सुरेश साहू ने प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला रौद्रा, प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला बीजा का, व्याख्याता मनोज कुमार बारले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजा के द्वारा किया गया। प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला तेंदुआ का निरीक्षण व्याख्यता तोप सिंह पटेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बीजा और प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला महीदही का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान निरीक्षण कर्ताओ ने परख मॉक टेस्ट विद्यार्थियों की शैक्षणिक क्षमता की गुणवत्ता को परखने और आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी। आगामी तीसरा मॉक टेस्ट 29 नवम्बर को होना है, जिसकी तैयारी शुरू करने सुझाव भी दिए। इस अवसर पर सीएम साहू, केपी साहू, डीआर साहू, महेश्वर श्रीवास, नोक राम साहू, हेमन्त देवांगन, गजानंद वैष्णव, मनोज कुमार धुर्वे, मनीराम साहू, अर्जुन साहू उपस्थित रहे।

# स्वच्छाग्रही दीदियों के लिए लगाए जाएंगे स्वास्थ्य जांच और श्रम पंजीयन शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान का आयोजन जिले में 10 दिसम्बर तक किया जायेगा। आज 26 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक प्रत्येक दिन स्वच्छाग्रही दीदियों के लिए स्वास्थ्य जांच एवं श्रम पंजीयन शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यपाल अधिकारी जिला पंचायत ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिविर में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा है।

स्वच्छाग्रही दीदियों के लिए प्रथम स्वास्थ्य जांच एवं कल्याण शिविर 26 नवम्बर 2024 मंगलवार को विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम छिरहा में, विकासखण्ड बेरला के ग्राम कठिया में, नवागढ़ के ग्राम मुरता में एवं विकासखण्ड साजा के ग्राम तेन्दुभाठा में आयोजित हुआ । इसी प्रकार 27 नवंबर 2024 बुधवार को विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम बैहरसरी में, बेरला के ग्राम सरदा में, नवागढ़ के ग्राम नेवसा में, साजा के ग्राम सहासपुर में, 28 नवंबर 2024 गुरूवार को विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम कोदवा में, बेरला के ग्राम देवरबीजा में, नवागढ़ के ग्राम अंधियारखोर में, साजा के ग्राम देउरगांव में, 29 नंवबर 2024 शुक्रावार को विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम बटार में, बेरला के ग्राम डंगनिया-ब में, नवागढ़ के ग्राम कटई में, साजा के ग्राम भटगांव में, 30 नवंबर 2024 शनिवार को विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम उमरिया में, बेरला के ग्राम कोदवा में, नवागढ़ के ग्राम बदनारा में, साजा के ग्राम कुरलू में, 01 दिसंबर 2024 रविवार को विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम लोलेसरा में, बेरला के ग्राम डंगनिया-ख में, नवागढ़ के ग्राम संबलपुर में, साजा के ग्राम बिरनपुर में, 02 दिसंबर 2024 सोमवार को विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम ढोलिया में, बेरला के ग्राम पतोरा में, नवागढ़ के ग्राम कुंरा में, साजा के ग्राम केंवतरा में, 03 दिसंबर 2024 मंगलवार को विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम मुलमुला में, बेरला के ग्राम लेंजवारा में, नवागढ़ के ग्राम धुरसेना में, साजा के ग्राम हाड़ाहुली में शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह 4 दिसंबर को विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम झिरिया में, बेरला के ग्राम सोढ़ में, नवागढ़ के ग्राम नारायणपुर में, साजा के ग्राम टिपनी में, 05 दिसंबर 2024 गुरूवार को विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम खाम्ही में, बेरला के ग्राम गोड़गिरी में, नवागढ़ के ग्राम मल्दा में, साजा के ग्राम बनरांका में, 06 दिसंबर 2024 शुक्रवार को विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम मऊ में, बेरला के ग्राम गुधेली में, नवागढ़ के ग्राम प्रतापपुर में, साजा के ग्राम बीजा में, 07 दिसंबर 2024 शनिवार को विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम नवागांव-खु में, बेरला के ग्राम पिरदा में, नवागढ़ के ग्राम गाड़ामोर में, साजा के ग्राम श्यामपुरकांपा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 8 दिसंबर को विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम चोरभट्ठी में, बेरला के ग्राम लावातरा - ढा में, साजा के ग्राम सैगोना में, साजा के ग्राम पदमी में, 09 दिसंबर 2024 सोमवार को विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम अमोरा में, बेरला के ग्राम देवादा 10 दिसंबर 2024 मंगलवार को विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम बहेरा-कु. में एवं बेरला के ग्राम बारगांव में आयोजित किए जाएंगे। संबंधित शिविर में स्वच्छाग्रही दीदी आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठा सकते हैं ।

- आज से होगी शिविरों की शुरुआत, 10 दिसंबर को होगा समापन

### प्रार्थना के समय पर कार्यालय में बैठी मिलीं दो शिक्षिकाएं, डीईओ ने लगाई कड़ी फटकार

# डीईओ ने किया परख अभ्यास परीक्षा का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

शासन द्वारा इस वर्ष को शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी को क्रियान्वन करने की दिशा में जिले के आला अधिकारियों के द्वारा विद्यालयों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

इसी कड़ी में सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा डॉ कमल कपूर बंजारे, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू व जितेंद्र गोयल के द्वारा जिले में चल रहे परख सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत माक टेस्ट अभ्यास परीक्षा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। सबसे पहले शासकीय प्राथमिक शाला राखी, विकास खंड साजा समय सुबह 10:10 बजे पहुँचे।



प्रार्थना स्थल में बच्चों की उपस्थिति बहुत ही कम पाई गई। शाला में दर्ज 101 बच्चों में से मात्र 67 बच्चे ही उपस्थित थे। प्रधानमंत्री पोषक आहार योजना मध्यान्ह भोजन में भी मीनू का पालन नहीं किया जा रहा है। मध्यान्ह भोजन में प्रतिदिन अचार, पापड़, मिठाई देने हेतु निर्देश दिया गया। पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधान पाठिका गायत्री जोगी अवकाश पर थी। उनका आवेदन भी पाया गया और उनका अवकाश रजिस्टर में भी दर्ज था। प्रार्थना के समय दो शिक्षिका प्रार्थना स्थल में न रहकर ऑफिस में बैठी थी।पूछने पर कार्यों का बहाना बनाएं। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने उन दोनों को कड़ी फटकार लगाई। एक शिक्षिका किरण कुंजाम बिना किसी सूचना के व आवेदन के शाला में अनुपस्थित रही।

उनके शाला में अनुपस्थित रहने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ततपश्चात जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देवकर विकासखण्ड साजा 10:50 को पहुंचे। शाला के प्रधान पाठक केदारनाथ साहू सहित सभी चारों स्टाफ उपस्थित थे। खाने की छुट्टी समाप्त होने के बाद भी सारे बच्चे बाहर में घूम रहे थे। पिरियड के समय शाला के बच्चे बाहर खेलते नजर आए। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने स्टॉफ को कड़ी फटकार लगाई। शाला समयानुसार नियमों का कड़ाई से पालन करने, सर्वांगिण शिक्षा सत्र का उद्देश्य, डेली डायरी, अपार आई डी, परख सर्वेक्षण, उल्लास कार्यक्रम, मध्यान्ह भोजन के लिए लाभान्वित बच्चों की संख्या भी कम पाई गई। यहाँ पर भी बच्चों कि उपस्थिति कम पाई गई। कुल 81 बच्चे ही उपस्थित थे। डीईओ ने इस उपस्थिति को बढ़ाने, नियमित उपस्थिति का शिक्षकों को कड़ाई से अनिवार्य रूप से पालन करने निर्देशित किया। अगली बार इस प्रकार की परिस्थिति पुनः निर्मित होने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

